HMMCW LIBRARY

WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Programme 5th Semester Examination, 2021-22

HINGDSE01T-HINDI (DSE1)

कबीर

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) ''कबीर की विचारधारा'' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(ख) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?

(ग) पाश्चात्य विद्वान विल्सन ने कबीर के कितने ग्रंथों की चर्चा की है ?

(घ) कबीर पर किस दर्शन का प्रभाव है ?

(ङ) ''साखी'' का अर्थ क्या होता है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) बहुत दिनन की जोवती, बाट तुम्हारी राम।
जिव तरसै तुझ मिलन कूँ, मनि नाहिं विश्राम।।

(ख) जाका गुरु भी अंधला, चेला खरा निरंध।
अंधै अंधा ठेलिया, दुन्यूँ कूप पडंत।।

(ग) राम बान अन्याले तीर, जाहि लागे सो जाँनै जीर।
तन मन खोजौं चोर न पाँऊँ, ओषद भूली कहाँ घसि लाँऊँ।।
एकही रूप दीसै सब नारी, नाँ जानौं को पियहि पियारी।।

(घ) लोका मति के भोरा रे।
जो कासी तन तजै कबीर, तौ रामहिं कहा निहोरा रे।।
तब हमें वैसे अब हम ऐसे, इहै जनम का लाहा।।
ज्यूँ जल मैं जल पैसि न निकसै, यूँ ढुरि मिलै जुलाहा।।

(ङ) सतगुर हम सूँ रीझि करि, एक कह्या प्रसंग।
बरस्या बादल प्रेम का, भीजि गया सब अंग।।

3. वर्तमान संदर्भ में कबीर का मूल्यांकन कीजिए। 15

अथवा

''विधान पढ़ू वाद नहीं जानू''– इस कथन के संदर्भ में कबीर की विचारधारा पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 15

4. कबीर की भाषा को पंचमेल खिचड़ी कहा जाता है– इस कथन के आलोक में तर्कपूर्ण विचार व्यक्त कीजिए। 15

अथवा

कबीर कवि हैं या समाज सुधारक– इस कथन को सोदाहरण विश्लेषित कीजिए। 15

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——